पंजाब केसरी 03/12/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज ने एन.ई.पी.-2020 व दैनिक जीवन में गणित पर दिया व्याख्यान

अम्बाला, 2 दिसम्बर (बलराम): जी.एस.एस. स्कूल, नन्हेड़ा में जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला के सौजन्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं दैनिक जीवन में गणित का महत्व विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण विशेषताओं से अवगत कराना तथा गणित की जीवनोपयोगी व व्यावहारिक भूमिका को समझाना रहा।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकगणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में गणित और शिक्षा सुधारों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता डा. पिंकी ने अपने संबोधन में गणित के तार्किक, विश्लेषणात्मक और दैनिक जीवन में उपयोगी स्वरूप को सरल और रोचक उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित को केवल विषय के रूप में नहीं, बल्कि जीवन की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण उपकरण मानने की प्रेरणा दी। अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. कमलेश ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर प्रभावशाली वक्तव्य में बताया कि एन.ई.पी. 2020 शिक्षा को अधिक लचीला, बहुआयामी और कौशल-आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय सहभागिता दिखाई। अंत में विद्यालय एवं कॉलेज प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी ऐसे उपयोगी शैक्षिक कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की बात कही।






वक्ताओं को सम्मानित करते आयोजक व विद्यार्थियों को सम्बोधित करते वक्ता।